भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3053

06 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

बिहार में अमृत 2.0 के अंतर्गत परियोजनाएं

3053. श्री गोपाल जी ठाकुरः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बिहार में, विशेषरूप से दरभंगा नगर निगम के लिए कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत) 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) दरभंगा में जल आपूर्ति, सीवरेज और जल निकासी से संबंधित क्रमशः पूर्ण हो चुकी, निर्माणाधीन और प्रस्तावित परियोजनाओं की कुल संख्या कितनी है;

(ग) उक्त परियोजनाओं के लिए अब तक स्वीकृत और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या दरभंगा में पेयजल, सीवरेज और जल निकासी प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए अतिरिक्त परियोजनाओं को स्वीकृति देने हेतु कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन **2.0 (**अमृत **2.0)** के अंतर्गत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) को परियोजनाओं के चयन, मूल्यांकन, प्राथमिकता निर्धारण तथा कार्यान्वयन का अधिकार प्राप्त है। बिहार राज्य ने अमृत **2.0** के अंतर्गत **₹8,167.78** करोड़ की अनुमोदित लागत (जिसमें प्रचालन एवं रख-रखाव लागत भी शामिल है) वाली **62** परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जिनमें **₹4,648.37** करोड़ की **30** जलापूर्ति परियोजनाएं, **₹3,445.08** करोड़ अनुमोदित लागत की **11** सीवरेज एवं सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएं, **₹4.06** करोड़ की **3** जलाशय पुनरुद्धार परियोजनाएं तथा **₹70.26** करोड़ अनुमोदित लागत की **18** पार्क परियोजनाएं शामिल हैं। दरभंगा की परियोजनाओं सहित इन परियोजनाओं का ब्यौरा वेबसाइट amrut.mohua.gov.in/approvedProjects/ulb/em9PM2lZUE1UYXNpQzZGNExNK2t3Zz09.पर उपलब्ध है।

(ख) दरभंगा जिले में राज्य ने अमृत **2.0** के अंतर्गत **₹186.16** करोड़ की अनुमोदित लागत की एक जलापूर्ति परियोजना शुरू की है। अमृत **2.0** पोर्टल पर राज्य द्वारा सूचित किया गया है कि इस परियोजना के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) जारी की जा चुकी है।

(ग) अमृत **2.0** के अंतर्गत केंद्रीय हिस्सा परियोजना-वार नहीं, बल्कि राज्य-वार जारी/स्वीकृत किया जाता है। तदुपरांत राज्य परियोजनाओं की प्रगति के अनुसार शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी)/कार्यान्वयन एजेंसियों को निधियां जारी करते हैं। अमृत **2.0** के अंतर्गत दरभंगा की परियोजनाओं सहित बिहार राज्य की परियोजनाओं के लिए कुल **₹441.77** करोड़ का केंद्रीय हिस्सा जारी/स्वीकृत किया गया है, जिसमें से राज्य द्वारा दिनांक **09.07.2026** तक **₹37.10** करोड़ का उपयोग/व्यय किया जा चुका है।

(घ) दरभंगा की परियोजनाओं सहित राज्य का कोई प्रस्ताव अमृत **2.0** के अंतर्गत केंद्रीय स्तर पर अनुमोदन के लिए लंबित नहीं है।

*****